# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद – 1

संख्याःदस–51–2013 दिनांकःजनवरी 15, 2016

सेवा में,

1. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उ0प्र0।
2. समस्त पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उ0प्र0।

विषय : आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2013 के चयन परिणाम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में।

——

आप अवगत हैं कि प्रदेश स्तर पर जनपद आवंटित 12469 में से चरित्र सत्यापन में उपयुक्त जे. टी.सी. में आमद के पश्चात प्रशिक्षण कर रहे अभ्यर्थियों की दिनांक 21.12.2015 की जनपदों से प्राप्त सूचना (**सूची संलग्न**) के अनुसार पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ0प्र0 के स्तर से सभी जनपदों को आर0टी0सी0 आवंटन के आदेश दिनांक 22.12.2015 को निर्गत किये गये हैं जो दिनांक 28.12.2015 से प्रारम्भ आर0टी0सी0 प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

2. कतिपय जनपद/प्रशिक्षण संस्थानों से यह सूचना प्राप्त हुई है कि काफी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा नियत तिथि तक आमद नहीं करायी जा सकी है। जे0टी0सी0 प्रशिक्षण में आगमन कराये जाने हेतु पूर्व में दिनांक 02.12.2015 से एक माह का समय प्रदान किया गया था।

3. ऐसे अभ्यर्थियों जो किन्हीं अपरिहार्य कारणों (यथा बीमारी, पारिवारिक समस्याओं, अभिलेखीय विरोधाभास के निराकरण में विलम्ब इत्यादि) से एक माह के अन्दर प्रशिक्षण हेतु आमद नहीं करा पाये हैं, को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के अनुमोदनोपरान्त एक माह का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, अर्थात् ऐसे अभ्यर्थी जो चरित्र सत्यापन में सर्वथा उपयुक्त पाये गये हैं, उन्हें अब जे0टी0सी0 प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि 02.12.2015 से कुल दो माह, दिनांक 02.02.2016 तक आवंटित जनपद/प्रशिक्षण संस्थान में आमद कराये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। कृपया एतदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

4. विगत में यह देखा गया है कि जनपद/प्रशिक्षण संस्थान में जे0टी0सी0 के दौरान रंगरूटों को किट प्रदान किये जाने, उनकी वर्दी सिलवाने, अंशदायी पेंशन योजना के अनुसार **PRAN No.** आवंटित कराने और उनकी पास–बुक तैयार कराने की कार्यवाही अपेक्षित थी जो बहुत से जनपदों द्वारा नहीं की गई। इस पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ.प्र. द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। अतः इस ओर विशेष ध्यान दिया जाय और प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में उपर्युक्त सभी कार्यवाही समय से पूर्ण करा ली जाय।

5. उपर्युक्तानुसार जनपद/प्रशिक्षण संस्थान में आमद करने वाले उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूचना निम्न प्रारूप में **दिनांक 01.02.2016 तक अवश्य उपलब्ध करायी जाय** जिससे उनके प्रशिक्षण हेतु आर0टी0सी0 का आवंटन तत्काल कराया जा सके :–

| क्र. | अभ्यर्थी का नाम | | पिता का नाम | आवंटित जनपद | आमद करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | अनुक्रमांक | नाम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

6. कृपया उपर्युक्त सभी कार्यवाही वरीयता के आधार पर सम्पन्न करायी जाय।

15.01.16

(डॉ0 श्रीपति मिश्र)
पुलिस अधीक्षक–स्थापना,
उ0प्र0।

प्रतिलिपि कृपया निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर सचिव, भर्ती उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
3. पुलिस महानिरीक्षक–स्थापना, उ0प्र0, लखनऊ।
4. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन/समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उ0प्र0।

प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया यह पत्र उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाइट **https://uppolice.gov.in** पर संगत फोल्डर में अपलोड कराने की कृपा करें।